**JAC**

[ No. of Questions : 50 + 50 = 100 ]   [ No. of Printed Pages : 44 ]

# CLASS-VIII EXAMINATION – 2025

## हिन्दी तथा अंग्रेजी

## HINDI & ENGLISH
## ( MCQ Type )

**कुल समय** : 3 घंटे 15 मिनट ( अन्य भाषाओं सहित )   पूर्णांक : 50 + 50

Total Time : 3 Hours 15 Minutes   Full Marks : 50 + 50

(Including Other Languages)

## PAPER-I

**सामान्य निर्देश / GENERAL INSTRUCTIONS :**

1. **पेपर-I में तीन** भाषाएँ हैं — (a) हिन्दी, (b) अंग्रेजी तथा (c) अन्य भाषाएँ। सभी अभ्यर्थियों के लिए **हिन्दी तथा अंग्रेजी अनिवार्य हैं**। अन्य भाषाओं के लिए अभ्यर्थी द्वारा चयनित भाषा तथा प्रवेश पत्र के अनुसार उत्तर देने होंगे । **कुल प्रश्नों की संख्या अन्य भाषाओं सहित 150 हैं जिनके उत्तर देने हैं।** प्रत्येक भाषा के लिये समय 1 घंटा है। **तीनों भाषाओं के लिए परीक्षा की कुल अवधि 3 घंटे हैं।**

   प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

   **Paper-I** consists of *three* languages — (a) Hindi, (b) English and (c) Other languages. **Hindi and English are compulsory** for all the candidates. In other languages the candidates have to answer as per their option chosen and their admit cards. **Total number of questions to be answered is 150 including other languages.** Duration for each language is 1 hour. **Total duration of the examination is 3 hours for all the three languages.**

   An extra time of 15 minutes has been allotted for the candidates to read the questions carefully.

2. इस प्रश्न पुस्तिका में हिन्दी तथा अंग्रेजी के कुल 100 बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं ।

There are 100 Multiple Choice Questions of Hindi and English in total in this Question Booklet.

3. **अन्य भाषाओं हेतु प्रत्येक भाषा के लिए अलग से प्रश्न पुस्तिका उपलब्ध है** । अभ्यर्थी को उनके द्वारा चयनित भाषा तथा प्रवेश पत्र के अनुसार उत्तर देना है । प्रत्येक भाषा के लिए अलग-अलग 50 बहुविकल्पीय प्रश्न दिये गये हैं ।

**For other languages a separate question booklet is available for each language.** The candidate has to answer the language as he/she opted for and his/her admit card. There are 50 multiple-choice questions for each language provided separately.

4. परीक्षार्थी से संबंधित ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रक के पृष्ठ 2 पर मुद्रित सभी सूचनाओं की सावधानी पूर्वक जाँच कर लें । यदि मुद्रित सूचनाएँ किसी अन्य परीक्षार्थी की हों, तो वीक्षक को तुरंत सूचित कर उसे बदल लें ।

Carefully verify all information related to the candidate, printed on Page 2 of the OMR Answer Sheet. If the printed information belongs to any other candidate, then inform the Invigilator immediately and get it replaced.

5. OMR उत्तर पत्रक के पृष्ठ 1 पर प्रदत्त सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा उसके अनुसार कार्य करें।

Read the instructions provided on Page 1 of the OMR Answer Sheet carefully and do accordingly.

6. आप अपना पूरा हस्ताक्षर OMR उत्तर पत्रक में दी गई जगह पर करें ।

Put in your full signature on the OMR Answer Sheet in the space provided.

7. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प ( A, B, C, D ) दिये गये हैं । **इनमें से सबसे उपयुक्त उत्तर को आप अपने OMR उत्तर पत्रक पर ठीक-ठीक गहरा काला करें।** नीला या **काला** बॉल-प्वाइंट कलम का ही प्रयोग करें। **पेंसिल का प्रयोग वर्जित है।**

   Four options ( A, B, C, D ) are given for each question. **You have to darken duly the most suitable answer on your OMR Answer Sheet.** Use only **Blue** or **Black** Ball-Point Pen. **The use of Pencil is not allowed.**

8. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न की अधिमानता 1 अंक की है । गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटा जाएगा।

   **All** questions are compulsory. Each question carries 1 mark. No marks will be deducted for wrong answer. https://www.jharkhandboard.com

9. परीक्षा भवन छोड़ने से पहले **OMR उत्तर पत्रक वीक्षक को लौटा दीजिये।** प्रश्न पुस्तिका आप अपने साथ ले जा सकते हैं ।

   Before leaving the examination hall, **hand over the OMR Answer Sheet to the invigilator.** You are allowed to take the question booklet with you.

**OMR उत्तर पत्रक पर दिये गये निर्देशों का ध्यानपूर्वक पालन कीजिए**
**अन्यथा आपका OMR उत्तर पत्रक अमान्य होगा और उसकी जाँच नहीं की जायेगी ।**
*Adhere to the instructions provided on the OMR Answer Sheet very carefully otherwise your OMR Answer Sheet will be invalid and it will not be evaluated.*

**JAC**

## हिन्दी/HINDI

**( Q. Nos. 1 to 50 )**

### खण्ड – क ( अपठित बोध )

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

वर्ष 1966 को किसी सुबह जब छेनी-हथौड़ा लेकर दशरथ माँझी अपने गाँव के पास स्थित पहाड़ के पास पहुँचे तो बहुत कम लोगों को इस बात का पता था कि इस व्यक्ति ने अपने दिल में क्या ठान लिया है । मजदूरी और कभी-कभार, इधर-उधर काम करने वाले दशरथ माँझी ने जब पहाड़ पर छेनी-हथौड़ा चलाना शुरू किया तो आने-जाने वाले राहगीरों के लिए ही नहीं, वरन गाँव के लोगों के लिए भी वह हँसी के एक पात्र बन गए थे ।

जीवन-संगिनी फागुनी देवी का समय पर इलाज न करा पाने से उसे खो चुके दशरथ माँझी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ा । धुन के पक्के दशरथ की अथक मेहनत बाईस साल बाद तब रंग लाई जब उस पहाड़ से एक रास्ता दूसरे गाँव तक निकल आया ।

1. प्रस्तुत गद्यांश के नायक कौन हैं ?

(A) दिनकर माँझी (B) दशरथ माँझी

(C) जनक माँझी (D) अरविन्द माँझी

2. दशरथ माँझी की जीवनसाथी कौन थीं ?

(A) फागुनी देवी (B) फगन देवी

(C) फूली देवी (D) फगुवा देवी

3. दशरथ माँझी की मेहनत कितने साल बाद रंग लाई ?

(A) 12 साल बाद (B) 32 साल बाद

(C) 22 साल बाद (D) 15 साल बाद

4. दशरथ माँझी किस वर्ष छेनी-हथौड़ा लेकर पहाड़ के पास पहुँचे थे ?

(A) 1963 (B) 1966

(C) 1932 (D) 1977

5. 'राहगीर' का अर्थ होता है

(A) पहाड़ पर चढ़ने वाला (B) पेड़ पर चढ़ने वाला

(C) राह में चलने वाला (D) इनमें से कोई नहीं

निर्देश : निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 6 से 10 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

सच है, विपत्ति जब आती है,
कायर को ही दहलाती है,
सुरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते,
विघ्नों को गले लगाते हैं
कांटों में राह बनाते हैं ।
मुख से न कभी उफ कहते हैं ।
संकट का चरण न गहते हैं,
जो आ पड़ता सब सहते हैं,
उद्योग-निरत नित रहते हैं,
शूलों का मूल नसाने को,
बढ़ खुद विपत्ति पर छाने को,

है कौन विघ्न ऐसा जग में,
टिक सके वीर नर के मग में,
खम ठोक ठेलता है जब नर,
पर्वत के जाते पाँव उखड़,
मानव जब जोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है ।

6. विपत्ति आने पर कौन डरते हैं ?

(A) सूरमा (B) कायर

(C) दयालु (D) वीर

7. विपत्ति आने पर कौन विचलित नहीं होते ?

(A) सूरमा (B) कायर

(C) डरपोक (D) दुखी

8. पत्थर पानी कब बन जाता है ?

(A) जब मानव जोर लगाता है
(B) जब कायर भाग जाते हैं
(C) जब मानव भाग जाता है
(D) जब मानव मेहनत न करे

9. 'शूल' का पर्यायवाची है

(A) फूल
(B) पत्ती
(C) फल
(D) काँटा

10. 'मानव' शब्द का विलोम है

(A) मनुष्य
(B) जानवर
(C) दानव
(D) देवता

खण्ड - ब ( व्याकरण )

निर्देश प्रश्न संख्या 11 से 20 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए

11. भाषा की सबसे छोटी इकाई है

(A) शब्द
(B) व्यंजन
(C) स्वर
(D) वर्ण

12. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए :

(A) उन्नती
(B) उनति
(C) उनती
(D) उन्नति

13. 'मनुष्य' का भाववाचक संज्ञा है

(A) मानव
(B) मनुष्यता
(C) आदिमानव
(D) आदमी

14. 'परोपकार' का संधि-विच्छेद है

(A) परा + उपकार

(B) पर + उपकार

(C) परो + पकार

(D) परोप + कार

15. 'वनमाली' एक सामासिक शब्द है, यह किस प्रकार का समास है ?

(A) द्विगु

(B) द्वन्द्व

(C) तत्पुरुष

(D) कर्मधारय

16. 'प्राचीन' शब्द का पर्यायवाची निम्न में कौन है ?

(A) आधुनिक

(B) पुरातन

(C) नवीन

(D) अधीन

17. 'मूक' शब्द का निम्न में सही विलोम होगा

(A) वाचाल (B) वचन

(C) वचल (D) अचल

18. 'पड़ोसी' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है

(A) पड़ोसीन (B) पड़सीनी

(C) पड़ोसिन (D) पड़ोसनी

19. 'कपूर' शब्द का तत्सम रूप होगा

(A) कर्पूर (B) कठोर

(C) अपूर्ण (D) पूर्ण

20. शिकारी ने शेर को बंदूक ............ मारा।

(A) ने (B) का

(C) से (D) पर

## खण्ड – ग ( पाठ्यपुस्तक )

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 21 से 25 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े हैं लेकिन केवल तीन दरजे आगे । उन्होंने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैंने शुरू किया । लेकिन तालीम जैसे महत्त्व के मामले में वह जल्दबाजी से काम लेना पसंद नहीं करते थे । इस भवन की बुनियाद खूब मजबूत डालना चाहते थे, जिस पर आलीशान महल बन सके । एक साल का काम दो साल में करते थे । कभी–कभी तीन साल भी लग जाते थे । बुनियाद ही पुखता न हो, तो मकान कैसे पाएदार बने । मैं छोटा था, वह बड़े थे । मेरी उम्र नौ साल की थी, वह चौदह साल के थे । उन्हें मेरी तम्बीह और निगरानी का पूरा और जन्मसिद्ध अधिकार था और मेरी शालीनता इसी में थी कि उनके हुक्म को कानून समझूँ ।

21. बड़े भाई साहब किससे पाँच साल बड़े हैं ?

(A) कवि से (B) लेखक से

(C) पड़ोसी से (D) बहन से

22. बड़े भाई साहब की उम्र क्या थी ?

(A) दस साल (B) नौ साल

(C) चौदह साल (D) बीस साल

23. 'मैं छोटा था और वह बड़े' से में 'मैं' कौन था ?

(A) लेखक (B) पड़ोसी

(C) सहपाठी (D) मित्र

24. 'शालीनता' शब्द किस प्रकार की संज्ञा है ?

(A) समूहवाचक (B) जातिवाचक

(C) भाववाचक (D) व्यक्तिवाचक

25. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(A) अशोक का शस्त्र-त्याग (B) अमरूद का पेड़

(C) बड़े भाई साहब (D) मित्रता

26. "छोटा जादूगर" पाठ के आधार पर रंगमंच पर कौन-सा खेल चल रहा था ?

(A) बिल्ली का रूठना, भालू का मनाना एवं उनकी ब्याह की तैयारी

(B) बिल्ली का खाना, भालू का खाना एवं उनका आपस में लड़ने का

(C) भालू का रोना, बिल्ली का हँसना तथा उनके पढ़ने का

(D) इनमें से कोई नहीं

27. हमलोग कैसी मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं ?

(A) पक्की (B) कच्ची

(C) कोमल (D) लाल

28. मित्रों के चुनाव के तरीके पर उसके जीवन की 'क्या' निर्भर हो जाती है ?

(A) सफलता (B) असफलता

(C) अच्छाई (D) बुराई

29. 'अशोक का शस्त्र त्याग' शीर्षक पाठ में पद्मा ने अशोक को क्यों जीवित छोड़ दिया ?

(A) अशोक का हृदय परिवर्तित हो चुका था

(B) पद्मा ने दया दिखायी

(C) अशोक से हार गई

(D) अशोक बचकर भाग गया

30. किसकी पत्नी ने लेखक को टोका ?

(A) बाबू कन्हैयालाल की

(B) लेखक की

(C) पड़ोसी की

(D) इनमें से कोई नहीं

31. 'अमरन्द' का पेड़' पाठ में लेखक के मकान का मुखड़ा किस ओर था ?

(A) पूर्व

(B) पश्चिम

(C) उत्तर

(D) दक्षिण

32. परिवार के लोगों ने किसके प्रति उदासीनता बरती ?

(A) आम के पेड़ (B) इमली के पेड़

(C) अमरूद के पेड़ (D) इनमें से कोई नहीं

33. "क्या निराश हुआ जाए" पाठ के आधार पर नेता जीतने के बाद किस साधन के फेरे में रहते हैं ?

(A) आराम (B) पुण्य

(C) सुख-सुविधा (D) आक्रमण

34. 'बस की यात्रा' पाठ में लेखक हर पेड़ को क्या समझ रहा था ?

(A) मित्र (B) दुश्मन

(C) हिस्सेदार (D) ड्राइवर

35. डॉ० चंद्रा में कौन-कौन से गुण थे ?

(A) धैर्य (B) दृढ़ इच्छाशक्ति

(C) लगन (D) इनमें से सभी

निर्देश : निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 36 से 40 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

चाह नहीं, मैं सुरबाला के,
गहनों में गूँथा जाऊँ ।
चाह नहीं, प्रेमी-माला में,
बिंध प्यारी को ललचाऊँ ।

36. देवकन्या के गहनों में कौन गूँथना नहीं चाहता ?

(A) तारे

(B) काँटे

(C) चाँद

(D) पुष्प

37. यह किसकी अभिलाषा है ?

(A) वृक्ष की

(B) पेड़ की

(C) पुष्प की

(D) पत्तों की

38. प्रेमिका को कौन ललचाना नहीं चाहता है ?

(A) प्रेमी

(B) पुष्प

(C) ईश्वर

(D) असुर

39. सुरबाला का समानार्थी शब्द निम्न में क्या है ?

(A) असुर सुन्दरी

(B) मीठा गाने वाली

(C) देव कन्या

(D) हास्य

40. दी गई पंक्तियाँ किस पाठ से उद्धृत हैं ?

(A) पथ की पहचान

(B) डायन : एक अंधविश्वास

(C) पुष्प की अभिलाषा

(D) बूढ़ी पृथ्वी का दुःख

41. 'बटोही' का क्या अर्थ है ?

(A) यात्री

(B) राही

(C) पथिक

(D) इनमें से सभी

42. कुछ लोग इस राह पर क्या छोड़ गए हैं ?

(A) पदचिह्न
(B) पुस्तक
(C) धन
(D) स्मृतिचिह्न

43. ''पथ की पहचान'' कविता के कवि कौन हैं ?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी
(B) डॉ० हरिवंश राय बच्चन
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) सुमित्रा नंदन पंत

44. ''पथ की पहचान'' कविता में सफल राही कौन हैं ?

(A) मूर्ख
(B) महान् लोग
(C) राजनेता लोग
(D) गरीबं लोग

45. 'डायन' के रूप में फैले अंधविश्वास को दूर किया जा सकता है

(A) स्त्रियों के प्रति अपनी सोच परिष्कृत करके

(B) स्त्रियों के सम्मान की रक्षा करके

(C) इस सामाजिक बुराई को दूर करने का आह्वान करके

(D) इनमें से सभी

46. 'डायन : एक अंधविश्वास' शीर्षक कविता में किस सामाजिक बुराई को दूर करने का आह्वान किया गया है ? https://www.jharkhandboard.com

(A) बाल विवाह (B) बाल श्रम

(C) दहेज प्रथा (D) अंधविश्वास

47. गाँव के लोग अकेली औरत को डायन कहकर उसके साथ कैसा व्यवहार करते हैं ?

(A) अच्छा (B) बहुत बुरा

(C) सामान्य (D) सम्मानपूर्वक

48. 'राम का भरत को संदेश' शीर्षक पद्य में भरत के आग्रह पर श्रीराम ने अपनी कौन-सी वस्तु भरत को प्रदान की ?

(A) मुकुट

(B) चरण-पादुकाएँ

(C) राज सिंहासन

(D) धनुष-वाण

49. 'राम का भरत को संदेश' पाठ किस महाकाव्य का अंश है ?

(A) रामायणम्

(B) महाभारत

(C) रामचरितमानस

(D) कवितावली

50. तुलसीदास जी के अनुसार मुखिया को कैसा होना चाहिए ?

(A) मुख

(B) आँख

(C) नाक

(D) कान